मौसम
तापमान लखनऊ
अधिकतम–20 सूर्योदय– 06:51
न्यूनतम– 12 सूर्यास्त– 05:49

खबर कोना

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

फतेहपुर, 1 फरवरी (भाषा)।

उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई। हुसैनगंज थाने के प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि रायबरेली जिले के डलमऊ थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक सुनील कुमार (27) मंगलवार सुबह अपनी पड़ोसी साधना देवी (35) को मोटरसाइकिल से फतेहपुर के जिला अस्पताल ले जा रहा था, तभी बेरागढ़ीवा गांव के नजदीक एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

करंट से मजदूर की जान गई

शाहजहांपुर, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

ग्राम पंचायत सहारू में पंचायत भवन में मरम्मत के काम के दौरान एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक मजदूर अजीत कुमार की उम्र तकरीबन 22 साल थी। मृतक के पिता सुरेश चंद्र ने थाने में तहरीर दी। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। काम करने से पूर्व अजीत कुमार व अन्य मजदूरों ने ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से बिजली लाइन कटवाने की बात कही थी, लेकन सप्लाई नहीं कटवाई गई।

पांच बदमाश गिरफ्तार

बरेली, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

थाना किला की पुलिस ने बसों में चोरी करने वाले गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के सोने के जेवरात और कुछ नगदी बरादमद की हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चोरी के माल के अलावा उनके पास से दो तमंचे, तीन चाकू और कारतूस आदि भी बरामद किए गए हैं। इनमें बिजनौर जिले के रहने वाले फरमान, नजाकत, शमसाद, इदरीश और मुरादाबाद का रहने वाला मुन्तियाज शामिल हैं। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों पर मामला दर्ज किया है।

गोसेवक ने खुद को आग लगाई

पुलिसकर्मियों ने बचाया, हालत गंभीर होने पर कानपुर भेजा गया

उन्नाव, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

गोवंश की बदहाली से परेशान हनुमंत जीवाश्रय के संस्थापक अखिलेश अवस्थी ने कलेक्ट्रेट के समक्ष नामांकन प्रक्रिया के तहत कड़ी सुरक्षा के बीच स्वयं को आग के हवाले कर दिया। मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें घेरे में लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताकर कानपुर स्थानांतरित कर दिया। उन्हें कानपुर के मधुराज नर्सिंग होम में गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया है।

जनपद में किसान पौष और इस माह की यहां सर्द रातों में खेतों की रखवाली करके गुजार रहे हैं। इस आपाधापी में मूक मवेशी खेतों की सुरक्षा में लगे ब्लेडनुमा तारों में फंसकर घायल हो रहे हैं। इससे गोवंशियों की मौत भी हो रही है। लोगों के अनुसार जिले में आए दिन साथ गोशालाओं में भी गोवंशियों की मौत की खबर सुनने को मिलती है। जनपद की कई ग्राम पंचायतों में अब तक गोवंशियों को खुले में घेरकर बंद किया जा रहा है।बताया जाता है कि गौ सेवक ने गोवंशियों की मौत के विरोध में स्वयं को आग के हवाले कर दिया।

कुछ सियासी लोग गौ सेवक को देखने जिला अस्पताल पहुंचे तो लोगों ने विनम्रतापूर्वक उनसे जाने के लिए कहा। वर्तमान समय में उन्नाव के हनुमन्त जीवाश्रय में एक सैकड़ा से ज्यादा घायल और बीमार गायों के अलावा बड़ी संख्या घोड़े, गदहे, कुत्ते और बंदर भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

गोशालाओं में मवेशियों का उचित संरक्षण : जिलाधिकारी

उन्नाव, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कहा कि जिले में संचालित 190 गोशालाओं में 17 हजार मवेशियों का उचित संरक्षण किया जा रहा है। हर गोशाला में गोवंशियों के लिए चारा, पानी, दवा व ठंड से निजात के साधन उपलब्ध कराए गए हैं। फिर भी यदि कहीं अव्यवस्था होने की जानकारी मिलेगी तो सुधार कराया जाएगा।

सरकार की छवि खराब करने की साजिश : भाजपा जिलाध्यक्ष

उन्नाव, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

भाजपा के जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने कहा कि वर्तमान समय में जिले में 40 हजार गोवंशी की देखभाल की जा रही है। जिला प्रशासन उन्हें गोशालाओं में संरक्षित करने का प्रयास कर रहा है लेकिन सत्ताविरोधी मानसिकता वाले लोग उन्हें साजिशन रात में गोशालाओं से छोड़ रहे हैं जिससे शासन प्रशासन की छवि खराब हो सके।

गाली–गलौज के बाद भाजपा नेता बेटे समेत गिरफ्तार

कोतवाल को जातिसूचक शब्द कहे, हिंदू संगठन का प्रदर्शन

इटावा, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

प्रदेश के औरैया जिले में भाजपा के नेता व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह और उनके जिला पंचायत सदस्य बेटे को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। इन आरोपियों को कोतवाली में कोतवाल से अभद्रता और गाली गलौज करके उपद्रव करने का मामले में गिरफ्तार किया गया है। औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दीपू सिंह और कई अन्य लोग कोतवाली में कोतवाल की संतोष कुमार अवस्थी के सामने बुरी तरह से गाली–गलौज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो में ऐसा भी देखा गया कि मोबाइल फोन पर किसी से बात करते समय जोर–जोर बात करते हुए दीपू सिंह नजर आ रहे हैं और उसके बाद उन्होंने मोबाइल फोन को जमीन पर पटक भी दिया। इस घटनाक्रम का वीडियो जब वायरल हुआ तो उसकी जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को लगाया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक की जांच रिपोर्ट के बाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह और उनके बेटे कर्मवीर के खिलाफ औरैया थाने में कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कर ली गई। दोनों का मेडिकल कराने के बाद अदालत में पेश किया गया जहां से दोनों को इटावा की जिला जेल भेज दिया गया है। जब दीपू सिंह और उसके बेटे को गिरफ्तार करके पुलिस अदालत में पेश करने के लिए ले जा रही थी तो वकीलों ने भी दीपू सिंह के खिलाफ जमकर के नारेबाजी की।

स्थानीय लोगों में इस बात की नाराजगी थी कि दीपू सिंह ने कोतवाल के खिलाफ जातिसूचक गाली गलौज की थी। इसके बाद एक समुदाय विशेष के लोग रात में ही सड़क पर उतर आए थे। हिंदू संगठन के लोगों ने कोतवाली के बाहर जमकर हंगामा किया व सोमवार देर रात तोड़फोड़ कर दी थी।

'सपा, बसपा में अपराधियों को टिकट देने की होड़'

मोदीनगर/मेरठ, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार मोदीनगर के सीकरी कलां स्थित आरएन रिसोर्ट में भाजपा प्रत्याशी मंजू सिवाच के अलावा सिवालखास सीट के प्रत्याशी मनिंदरपाल सिंह व किठौर विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार सत्यवीर त्यागी के चुनाव प्रचार में बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया। प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दोनों पार्टियों में होड़ लगी है कि कौन ज्यादा अपराधियों को टिकट देती है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश दंगों की आग में झुलसा हुआ था। खासकर बहन बेटियां असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर थीं।

बागपत की घटना का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि निर्दोष सचिन व गौरव की हत्या करने वाले की हिमायत करने वाले आज जेल में हैं। जैसी करनी वैसी भरनी। कैराना में व्यापारियों का पलायन कराने के दोषी को सपा ने टिकट दिया है। सपा के शासन में हजारों युवकों, राजनेताओं व हिंदू संगठनों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए गए उनको यातनाएं दी गईं। अखिलेश व जयंत का नाम लिए बगैर योगी ने कहा दो लड़कों की जोड़ी प्रदेश को पुनः दंगों की भट्टी में झोंकने के लिए एक साथ आ गए हैं। इनसे सावधान रहने की जरुरत है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा की सरकार में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों के मकान बनते थे लेकिन उनकी सरकार ने पांच साल में 43 लाख गरीब लोगों के मकान बनवाए।

महिला को बेचने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

एक संस्था के पदाधिकारी ने ग्राहक बन महिला को 70 हजार रुपए में खरीदा

बहराइच, 1 फरवरी (जनसत्ता)।

जनपद बहराइच में शादी का झांसा देकर विधवा महिला को बेचने जा रहे पांच मानव तस्करों को पुलिस, सशस्त्र सीमा बल और देहात संस्था ने पकड़ा है। पकड़े गए पांचों आरोपियों में चार महिलाएं भी हैं।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। पीड़ित महिला को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस नियमानुसार परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

देहात संस्था के 'ह्यूमन प्रोटेक्शन' अफसर हसन फिरोज ने बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के शहादत इंटर कालेज मैदान में महिला को बेचने की जानकारी मिली। जानकारी मिलने पर संस्था के नीरज श्रीवास्तव को ग्राहक बनाकर मानव तस्करों के पास भेजा गया। वहां पर 70 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। मानव तस्करी का मामला पुष्ट होने पर पुलिस व एसएसबी को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे दलों ने घेराबंदी करते हुए चार महिलाओं समेत पांच लोगों को दबोच लिया।

क्षेत्राधिकारी नानपारा ने बताया कि पकड़े गए मानव तस्करों की पहचान लखीमपुर खीरी जिले के पलिया थाना क्षेत्र निवासी ऊषा देवी, श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र निवासी सुधा, रुपईडीहा थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी, देहात कोतवाली क्षेत्र निवासी कुसुमा और नानपारा कोतवाली क्षेत्र निवासी रामादल यादव के रूप में हुई है।

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
Canara Bank
A Government of India Undertaking
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

दिनांक 21.02.2022 और 07.03.2022 को सम्पत्ति की ई–नीलामी
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 19.02.2022 और 05.03.2022

क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिणी दिल्ली, डीडीए बिल्डिंग–1, वर्धमान टॉवर, प्रथम तल, पारस सिनेमा के पास, नेहरू प्लेस–110019 ईमेल: rosdelrec@canarabank.com

ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है क्या है" और जैसी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स कैनबैंक कंप्यूटर सर्विसेज लिमिटेड, जेपी रॉयले, प्रथम तल, # 218, द्वितीय मेन सम्पीज रोड (14वीं क्रॉस के पास) मल्लेश्वरम बंगलौर– 560003, वेबसाइट – www.ccsl.co.in and https://indianbankseauction.com संपर्क व्यक्ति श्री प्रताप कांजीलाल / श्री डी.डी. पाखरे – 9832952602/8898418010 लैंड लाइन 080-23469665 ईमेल: ccsleauction@gmail.com or ccsl@ccsl.co.in या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई–नीलामी" को देखें।

आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत की ईएमडी राशि को डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी के पक्ष में या नीचे वर्णित खाता नं. में आरटीजीएस / एनईएफटी / फंड ट्रांसफर के माध्यम से जमा कराई जानी चाहिए।

प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर क्र. सं. 1 हेतु 18.02.2022 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच और क्र. सं. 2 और 3 हेतु 04.03.2022 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच सम्पत्तियों का निरीक्षण किया जा सकता है।

क्र. सं.	शाखा का नाम	कर्जदार / गारंटर्स / बंधककर्ता का नाम एवं पता	चल / अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति	कुल बकाया राशि	क. आरक्षित मूल्य (रु.) ख. धरोहर राशि (रु.) ग. बोली वृद्धि (रु.) घ. बिक्री सूचना की तिथि	खाता नं. और IFSC कोड	ई–नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय
1	केनरा बैंक, ओखला एसएसआई शाखा, नई दिल्ली – 110020	1. मैसर्स आर.के. कंप्यूटर (उधारकर्ता) प्रोप. रवींद्र कुमार गुप्ता, एलएससी 115, प्रथम तल, डीडीए मार्केट, डी और ई पॉकेट, सरिता विहार, नई दिल्ली –110076 2. रवींद्र कुमार गुप्ता (प्रोपराईटर) मकान नं. 16ए, ब्लॉक एक्सटेंशन शिव दुर्गा विहार, फेज–1, सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा–121001 3. रितु गुप्ता (गारंटर) मकान नं. 16ए, ब्लॉक एक्सटेंशन शिव दुर्गा विहार फेज–1, सूरजकुंड, फरीदाबाद, हरियाणा–121001	दुकान नं. 115, प्रथम तल, डीडीए मार्केट, पॉकेट डी और ई, सरिता विहार, नई दिल्ली–110076 में स्थित, (सरिता विहार पुलिस स्टेशन के पास) दुकान का क्षेत्रफल 17.91 वर्ग मी., चौहदी : उत्तर में – पार्किंग स्पेस, दक्षिण में – दुकान में प्रवेश, पूरब में – अन्य का दुकान, पश्चिम में – पश्चिम में – दुकान नं. 114 (भौतिक कब्जा)	रु. 20,14,392.28 दिनांक 28.01.2022 तक और दिनांक 29.01.2022 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार इत्यादि सहित	क. 29,00,000/- ख. 2,90,000/- ग. 10,000/- घ. 29-01-2022	खाता नं. 6971295000001 IFSC कोड: CNRB0006971	21-02-2022 दोपहर 12.30 बजे से अप. 01.30 बजे के बीच 19.02.2022 अप. 04.00 बजे तक
2	केनरा बैंक, नेहरू प्लेस शाखा	1. श्री रणबीर सिंह, बी–70 भूतल, अशोक एन्क्लेव सेक्टर 37, सराय ख्वाज, फरीदाबाद, हरियाणा–1210003 2. श्री रणबीर सिंह, फ्लैट नं. 303 तृतीय तल, सम्पत्ति नं. आर जेड 1414 और 1414ए, खसरा नं. 423 में से, गली नं. 28, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली –110018 3. श्रीमती चंदर मुखी (सह–उधारकर्ता), मकान नं. बी–70, अशोका एन्क्लेव, पार्ट 2 सेक्टर 37 सराय ख्वाजा, हरियाणा –1210032 4. श्रीमती सरोज बंसल (गारंटर) पत्नी श्री अशोक कुमार, 1697, गुजराल गली कोटला मुबारकपुर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003	यूआरईएम सम्पत्ति फ्लैट नं. 303, तृतीय तल, सम्पत्ति नं. आर जेड – 1414 और 1414ए पर निर्मित, खसरा नं. 423 में से, (कुल क्षेत्रफल 317.50 वर्ग मी.) गली नं. 28, तुगलकाबाद एक्स., नई दिल्ली–110019 में स्थित, चौहदी : पूरब में – प्लाट नं. 1414, पश्चिम में – प्लॉट नं. 1414, पश्चिम में – प्लॉट नं. 1414, उत्तर में – गली, दक्षिण में – अन्य की सम्पत्ति (भौतिक कब्जा)	रु. 58,13,287.54 दिनांक 28.01.2022 तक और दिनांक 29.01.2022 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार इत्यादि सहित	क. 27,54,000/- ख. 2,75,400/- ग. 6,000/- घ. 29-01-2022	खाता नं. 6971295000001 IFSC कोड: CNRB0006971	07-03-2022 दोपहर 12.30 बजे से अप. 01.30 बजे के बीच 05.03.2022 अप. 04.00 बजे तक
3	केनरा बैंक, अरबिंदो कॉलेज शाखा, नई दिल्ली – 110017	1. मैसर्स जी. के. कंस्ट्रक्शंस (उधारकर्ता) प्रोप. गुलशन कुमार मारवाह, एल–23–बी मालवीय नगर, नई दिल्ली – 110017 2. श्री गुलशन कुमार मारवाह (प्रोपराईटर) एल–23–बी मालवीय नगर, नई दिल्ली–110017	सम्पत्ति भूतल बिना छत के अधिकार के, सम्पत्ति नं. एल–23बी, मालवीय नगर, नई दिल्ली–110017 में स्थित, क्षेत्रफल 125 वर्ग गज, चौहदी : उत्तर में – प्लॉट नं. एल–23बी का (पार्ट), दक्षिण में – 50'–0'' चौड़ा मेन रोड, पूरब में – प्लॉट नं. एल–23ए, पश्चिम में – 30'–0'' चौड़ा रोड (सांकेतिक कब्जा)	रु. 1,21,41,928.34 दिनांक 28.01.2022 तक और दिनांक 29.01.2022 से भविष्य का ब्याज और अन्य प्रभार इत्यादि सहित	क. 1,94,00,000/- ख. 19,40,000/- ग. 10,000/- घ. 29-01-2022	खाता नं. 6971295000001 IFSC कोड: CNRB0006971	07-03-2022 दोपहर 12.30 बजे से अप. 01.30 बजे के बीच 05.03.2022 अप. 04.00 बजे तक

इच्छुक बोलीदाता किसी भी अन्य विवरण
क्र.सं 1 हेतु : श्री अमित सिंह, मोबाईल नं. 9818890348, मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, ओखला एसएसआई शाखा, नई दिल्ली, फोन नं. 011-26922590
क्र.सं. 2 हेतु : श्री एच.एस. श्रीवास्तव, मो. नं. 9810886705 मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, नेहरू प्लेस शाखा, नई दिल्ली
क्र.सं. 3 हेतु : श्री पंकज कुमार, मो. नं. 9471758105, मंडल प्रबंधक, केनरा बैंक आरओ साउथ नई दिल्ली तथा श्री दिनेश कुमार झा मो. नं. – 9931795702, शाखा प्रबंधक, अरबिंदो कॉलेज शाखा, फोन नं. 011–26692227 किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय घंटों के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांक 29-01-2022, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

फॉर्म–ए
सार्वजनिक सूचना
(भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमों, 2016 के विनियम 6 के अधीन)
हंसराज एग्रोफ्रेश प्राईवेट लिमिटेड के लेनदारो के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणी का नाम	हंसराज एग्रोफ्रेश प्राईवेट लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणी के समावेश की तिथि	29 अगस्त, 2014
3.	प्राधिकारी जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट व्यक्ति समावेश/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, कानपुर
4.	कॉर्पोरेट ऋणी का कॉर्पोरेट पहचान नंबर/सीमित दायित्व पहचान	U15490UP2014PTC065749
5.	कॉर्पोरेट ऋणी के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई है) का पता	एमसीए रिकॉर्ड के अनुसार पंजीकृत कार्यालय का पता: सी–23, दूसरा तल, स्वास्तिक गार्डेनिया शिवपुर, वाराणसी उप्र 221003
6.	कॉर्पोरेट ऋणी के परिशोधन की शुरुआती तिथि	31 जनवरी, 2022 (एनसीएलटी आदेश की प्रति 01.02.2022 को प्राप्त हुई)
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	29 जुलाई, 2022
8.	अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर के रूप में कार्यरत दिवाला पेशेवर का नाम व पंजीकरण नंबर	नाम: देव व्रत राणा, रजि. नं. IBBI/IPA-001/IP-P-02567/2021-2022/13936
9.	अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर का पता व इ–मेल जैसा कि बोर्ड के साथ पंजीकृत है।	पता: शॉप नं. 5, बी.एस.एम. तिराहा, रूड़की, हरि सिंह मार्केट, हरिद्वार, उत्तराखंड- 247667 ईमेल आईडी: cadevrana@gmail.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर से पत्राचार के लिए प्रयोग की जाने वाली इमेल तथा पता, यदि क्रम सं. 9 से अलग है	पता: शॉप नं. 5, बी.एस.एम. तिराहा, रूड़की, हरि सिंह मार्केट, हरिद्वार, उत्तराखंड- 247667 ईमेल आईडी: cirp.hapl@gmail.com
11.	दावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	14 फरवरी, 2022
12.	अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर द्वारा निर्धारित धारा 21 की उप-धारा (6ए) के खण्ड (बी) के अधीन ऋणी की श्रेणी, यदि कोई है	लागू नहीं
13.	श्रेणी में ऋणी के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में चिह्नित दिवाला पेशेवर के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) संबंधित फार्म और (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधि का विवरण पर उपलब्ध है:	क. weblink: https://www.ibbi.gov.in/home/downloads भौतिक पता: उपरोक्त बिंदु 10 के अनुसार वही ख. लागू नहीं

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, इलाहाबाद बेंच ने 31.01.2022 को **मै. हंसराज एग्रोफ्रेश प्राईवेट लिमिटेड** की कारपोरेट दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया को शुरू करने का आदेश दिया है।

मै. हंसराज एग्रोफ्रेश प्राईवेट लिमिटेड के लेनदार को केवल प्रविष्टि नंबर 10 के अंतर्गत वर्णित पतो पर अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर को 14 फरवरी, 2022 को या उस से पूर्व अपने दावों को प्रमाण सहित प्रस्तुत करने के लिए एतद्द्वारा आमंत्रित किया जाता है।

वित्तीय लेनदारो को केवल इलैक्ट्रॉनिक तरीके द्वारा अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदारो को अपने दावे व्यक्ति, डाक द्वारा या इलैक्ट्रॉनिक तरीके द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रविष्टि नंबर 12 के अंतर्गत सूचीबद्ध अनुसार श्रेणी से संबंधित वित्तीय ऋणधारकों को फार्म सीए में श्रेणी (एनए) के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि संख्या 13 के अंतर्गत सूचीबद्ध 3 दिवालियापन पेशेवरों से प्राधिकृत प्रतिनिधि की वरीयता को दर्शाना होगा।

गलत या भ्रामक प्रमाणों को प्रस्तुत करना जुर्माने का हकदार होगा।

हस्ता./- देव व्रत राणा
अंतरिम प्रस्ताव पेशेवर
हंसराज एग्रोफ्रेश प्राईवेट लिमिटेड के विषय में
पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P-02567/2021-2022/13936
पंजी. पता: शॉप नं. 5, बी.एस.एम. तिराहा, रूड़की, हरि सिंह मार्केट, हरिद्वार, उत्तराखंड- 247667
ईमेल आईडी: cadevrana@gmail.com, cirp.hapl@gmail.com

दिनांक: 03.02.2022
स्थान: रूड़की

प्रपत्र सं. आइएनसी–26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
केन्द्रीय सरकार (क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
मैसर्स एएण्डएन यूनीवर्स मार्केट रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : 33बी, पॉकेट–सी, मयूर विहार–II, नॉर्थ लेक ऑफ त्रिलोकपुरी, नई दिल्ली–110091 (इंडिया) में स्थित है
....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य"** में स्थानांतरित करने के लिए **तारीख 26.03.2021** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ मे कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिशन मे संशोधन की पुष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनो के भीतर बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

कृते की ओर से
वास्ते एएण्डएन यूनीवर्स मार्केट रिसर्च इंडिया प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता./–
अभिनंदन कुमार सिंह
(निदेशक)
डीआईएन : 07854538

तिथि : 26.03.2021
स्थान : दिल्ली

SBI
भारतीय स्टेट बैंक तनावग्रस्त आस्ति रिकवरी शाखा–I, रिटेल
प्रथम तल, 23, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली–110015, फोन: 25419177, 25412977 ई–मेल: sbi.05169@sbi.co.in

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक / गिरवी / प्रभारित है, का कब्जा, (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों / गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूत – दाता (भारतीय स्टेट बैंक) से – प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

क्र. सं.	कर्जदार(बी) / गारंटर(रों)(जी) का नाम एवं पता	नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता (सम्पत्ति का भौतिक कब्जा)	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) वृद्धि राशि	बकाया राशियां जिसकी वसूली हेतु सम्पत्ति बेची जा रही है	सम्पर्क हेतु प्राधिकृत का नाम एवं नं.	ई–नीलामी की तिथि प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ	ईएमडी और अनुरोध पत्र, केवाईसी दस्तावेजों, पैन कार्ड, ईएमडी जमा करने का प्रमाण आदि जमा करने की अंतिम तिथि व समय, व्यक्तिगत रूप से और ऑनलाइन माध्यम से RTGS/NEFT (हार्ड कॉपी)
1	श्रीमती गुरदीप कौर कथूरिया पत्नी श्री बलमीत सिंह कथूरिया, श्री बलमीत सिंह कथूरिया पुत्र श्री अरविंदर सिंह, श्रीमती हरजीत कथूरिया पुत्री श्री रावल सिंह बेदी, सभी: 16 / 14, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008 श्रीमती गुरदीप कौर कथूरिया पत्नी श्री बलमीत सिंह कथूरिया, सी–29, प्रथम तल, वेस्ट एंड, नई दिल्ली–110021, श्रीमती गुरदीप कौर (निदेशक) (गारंटर) मैसर्स प्राइम इंटरग्लोब प्रा. लि., पंजी. कार्यालय: 187, मेजाइन तल, तिलक बाजार, खारी बावली, दिल्ली–110006 गारंटर : मैसर्स प्राइम इंटरग्लोब प्रा. लि. पंजी कॉर्यालय – 187, मेजाइन फ्लोर, तिलक बाजार, खारी बावली, दिल्ली–6, श्रीमती गुरदीप कौर (निदेशक) (गारंटर), मैसर्स प्राइम इंटरग्लोब प्रा. लि., ए–37, नारायणा इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110028, श्रीमती गुरदीप कौर (निदेशक) (गारंटर) मैसर्स प्राइम इंटरग्लोब प्रा. लि., गारंटर– मैसर्स प्राइम इंटरग्लोब प्रा. लि. ए–37, नारायणा इंडीस्ट्रीयल एरिया, फेज–1, नई दिल्ली–110028, श्री बलमीत सिंह कथूरिया, (निदेशक), मैसर्स प्राइम इंटरग्लोब प्रा. लि., पंजी कॉर्यालय – 187, मेजाइन फ्लोर, तिलक बाजार, खारी बावली, दिल्ली–110006	(PROPERTY ID : SBIN87326041884) रिहायशी यूनिट पुनर्विकसित संपत्ति अर्थात सम्पूर्ण प्रथम तल, (कवर्ड क्षेत्रफल 2518.34 वर्ग फीट और स्टिल्ट फ्लोर का लगभग 22.5% हिस्सा जिसमें स्वतंत्र प्रवेश द्वार / मार्ग शामिल हैं, जिसमें कारों की पार्किंग के लिए विशेष सुविधा है। एक भूमिगत जल भंडारण टैंक, जमीन के स्तर पर पीछे के हिस्से में एक जनरेटर सेट और एयर कंडीशनिंग यूनिट स्थापित करने के लिए स्थान, 22.5% अविभाजित के साथ पूरे निर्मित प्रथम तल के लिए विशेष रूप से एक लिफ्ट के साथ एक शाफ्ट और प्लॉट भूमि क्षेत्रफल 500 वर्ग गज के फ्रीहोल्ड भूखंड में अविभाज्य अधिकार, नं. सी–29, प्रथम तल, वैस्ट एंड, नई दिल्ली–110021 में स्थित, सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज, सहजता, विशेषाधिकार और उसके साथ, सभी फिटिंग, जुड़नार, कनेक्शन, संरचना के साथ, आम मार्ग, क्षेत्र, सीढ़ी और अन्य आम सुविधाओं में आनुपातिक अधिकारों के साथ, उसमें प्रदान की गई (भौतिक कब्जा बैंक के पास है।)	₹ 905.00 लाख ₹ 90.50 लाख ₹ 1.00 लाख	रु. 8,41,80,142.00 दिनांक 17.02.2020 तक प्लस भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे इत्यादि	श्री बी आर धीरेन मो. नं. 8790997887	18-02-2022 दोपहर 12.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे तक,	दिनांक 17-02-2022 अपराह्न 4.00 बजे तक या उस से पहले

सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय: 16-02-2022 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अर्पाह्न 03.00 बजे तक

ई–नीलामी हेतु नियम व शर्तें:–
1. ई–नीलामी "जैसा है जहाँ है" तथा "जैसा है जो भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी। यह नीलामी बैंक वेबपोर्टल https://ibapi.in & http://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ibapi/index.jsp के माध्यम से ऑनलाईन संचालित की जायेगी। ऑनलाईन नीलामी बिक्री के अन्तर्गत ई–नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र, समान्य नियम व शर्तें आदि निविदा दस्तावेज ibapi के ई–नीलामी प्लेटफार्म https://ibapi.in & http://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ibapi/index.jsp पर उपलब्ध है
2. अधोहस्ताक्षरकर्ता की सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सम्पत्ति(यों) पर कोई प्रभार नही है। तथापि इच्छूक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी में रखी गयी सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यों) को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। ई–नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता / वचनबद्धता निर्मित नही करता है और न ही कोई वचनवद्धता / प्रतिवद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा। सम्पत्ति(यों) की बिक्री बैंक को ज्ञात या अज्ञात वर्तमान विद्यमान एवं भावी प्रभारो / ऋणभारो के साथ की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी / प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
3. यह ई–नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों / शर्तों के अनुसार की जायेगी।
4. ई–नीलामी के अन्य नियम व शर्ते निम्नलिखित वेबसाईटों https://ibapi.in पर प्रकाशित की गई है।

दिनांक 01-02-2022, स्थान : नई दिल्ली
हस्ता0 /– प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

www.readwhere.com